35 बीघा जमीन पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

सांगानेर के ग्राम पवालियां में ''वृंदावन सिटी'' के नाम से बसाई जा रही थी कॉलोनी

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने 35 बीघा जमीन पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। इसके साथ ही दुर्गापुरा स्थित लाल बहादुर नगर में 2 मंजिला अवैध कमर्शियल बिल्डिंग को भी सील किया। बीलवा कलां स्थित ग्राम बडी का बास में 8 अवैध विला-डूप्लेक्स भी ध्वस्त किए।

पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई

- **दुर्गापुरा स्थित लाल बहादुर नगर में बिना अनुमति बनाई जा रही दो मंजिला व्यावसायिक इमारत को सील किया**
- **बीलवा कलां स्थित ग्राम बड़ी का बास में भी 8 अवैध विला और डुप्लेक्स को ध्वस्त किया**

ने बताया कि दुर्गापुरा स्थित लाल बहादुर नगर में भूखण्ड संख्या-एफ-18 में व्यावसायिक उपयोग के लिए बेसमेन्ट समेत 2 मंजिला अवैध इमारत बनायी जा रही थी, जिसे पुख्ता सील किया।

इसके अलावा जोन-14 स्थित ग्राम बड़ी का बास, बिलवा कलां में खसरा नं. 98 पर अवैध तरीके से बनाई जा रहे 8 विला व डुप्लेक्स भी सील किए। निर्माणकर्ता ने जेडीए प्रशासन से कोई निर्माण स्वीकृति भी नहीं ली थी।

इसके अलावा सांगानेर स्थित ग्राम पवालियां में करीब 35 बीघा कृषि भूमि पर ''वृन्दावन सिटी'' के नाम से बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को भी खुर्द-बुर्द किया। काश्तकार ने जेडीए की बिना अनुमति-स्वीकृति और बिना भू-रूपांतरण करवाये रातोंरात मिट्टी समतल करके, ग्रेवल रोड, 6 विला और बाउंड्रीवाल समेत कई निर्माण कर लिए गए थे। यह कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में की गई। कैलाश विश्नोई ने बताया कि वर्ष 2024 में जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने 383 तथा वर्ष 2025 में 48 अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की है।

जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को सांगानेर स्थित ग्राम पवालियां में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी में निर्माणाधीन मकानों को ध्वस्त किया।

सवाई मानसिंह अस्पताल का रेजिडेंट लापता

जयपुर। सवाई मानसिंह अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर रमेश सुंडा के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने सुंडा से कई बार सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन नम्बर बंद आ रहा है। परिजनों ने करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार सरिता सुंडा ने मामला दर्ज करवाया कि वह रोज की तरह एसएमएस मेडिकल कॉलेज गए थे। वह फस्ट ईयर रेजिडेंट डॉक्टर हैं जो माइक्रो बायलॉजी विभाग में कार्यरत हैं। डॉक्टर रमेश दोपहर 2 बजे तक अपने डिपार्टमेंट में थे जिसके बाद वह एकाएक वहां से निकल गए। जिस के बाद उनके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई,ना ही डॉक्टर ने फोन ऑन कर रखा हैं। जब देर रात तक डॉक्टर रमेश की जानकारी नहीं मिली तो परिवार करधनी थाने पहुंचा और पुलिस को डॉक्टर रमेश के गायब होने की जानकारी दी।

जिस पर करधनी थाना पुलिस ने डॉक्टर रमेश की पत्नी सरिता की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने डॉक्टर के मोबाइल की लोकेशन चैक की तो पता चला कि डॉक्टर एसएमएस अस्पताल से निकलने के बाद सिंधी कैम्प में एक निजी अस्पताल पहुंचे जिस के बाद उनका मोबाइल बंद जा रहा हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

झुंझुनूं की युवती का मददगार बना ''राजकॉप सिटीजन एप''

मोबाइल एप में एक क्लिक पर युवती को मिली पुलिस की मदद

जयपुर (कासं)। राजस्थान पुलिस द्वारा महिलाओं की मदद के लिए राजकॉप ऐप पर डवलप किए गए नए फीचर नीड हेल्प की मदद से झुंझुनू की रहने वाली एक युवती को ना केवल तत्काल पुलिस की मदद मिली अपितु पुलिस ने छेड़छाड़ और दोस्ती का दबाव बना रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

आईजी एससीआरबी शरत कविराज ने बताया कि बुधवार सुबह राजकॉप एप में करीब 6:26 बजे एक सन्देश आया। झुंझुनूं निवासी एक युवती जो जयपुर में एक हॉस्टल में रहकर फर्स्ट ग्रेड टीचर की कोचिंग कर रही थी, के इस सन्देश के अनुसार त्रिवेणी बत्ती के सामने उसके साथ एक लड़का छेड़छाड़ और गाली गलौज कर उसका मोबाइल छीन रहा था।

संदेश पर बिना समय गवाएं राजकॉप एप रूम में कार्यरत प्रभारी एएसआई सुनीता शर्मा द्वारा अभय कमांड सेंटर को सूचना दी। इसके आधार पर महेश नगर थाना पुलिस की 112 गाड़ी तुरंत गोपालपुरा बायपास रिद्धि सिद्धि चौराहा पर पहुंची और आरोपी पवन तंवर पुत्र रतन सिंह (24) निवासी गांव गांवली थाना पाटन जिला सीकर को दस्तयाब कर थाने पर लाये। युवती से समझाइश कर रिपोर्ट ले मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी पवन उसका क्लासमेट रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दोनों ही जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। काफी समय से पवन उसे मैसेज और कॉल कर परेशान कर रहा था तो उसने ब्लॉक कर दिया। आज सुबह वह कोचिंग के लिए जा रही थी तो आरोपी ने उसे रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ कर ब्लॉक करने पर गाली गलौज की। जब उसने मोबाइल से राजकॉप ऐप पर संदेश भेजा तो गुस्से में आकर उसने मोबाइल भी तोड़ दिया। चूंकि एप से मैसेज भेजा जा चुका था, इसलिए मोबाइल तोड़ दिए जाने के बावजूद पुलिस को लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी न हुई। युवती ने यह भी बताया कि राजकॉप सिटीजन एप के बारे में जानकारी उसे पुलिस की कालिका टीम द्वारा कोचिंग सेंटर पर चलाए गए जागरूकता अभियान के दौरान प्राप्त हुई थी।



- **युवती पर दोस्ती का दबाव बनाने वाले आरोपी को पुलिस टीम ने तुरंत गिरफ्तार किया**

ऐसा है राजकॉप सिटीजन एप

आईजी एससीआरबी शरत कविराज ने बताया कि राजकॉप सिटीज़न एप, राजस्थान पुलिस की एक ऐप है। इस ऐप से नागरिक सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस ऐप में कई फ़ीचर हैं, जैसे कि शिकायत दर्ज कराना, किराएदार का सत्यापन कराना, अपनी पंजीकृत शिकायतों का ट्रैक करना, महिला सुरक्षा से जुडी सुविधा, एसओएस पैनिक बटन आदि। राजकॉप सिटीज़न ऐप में महिला सुरक्षा सेक्शन में मदद चाहिए टैब है, इस टैब पर क्लिक करके महिलाएं तुरंत पुलिस की मदद पा सकती हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर भगवा रैली

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन भारत क्रांति मिशन के विलासराव भाऊ पंगारकर, विजय काकडे पाटिल, सुशील जाधव, शशांक शर्मा व कीर्ति राठौड़ ने किया।

जयपुर। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 19 फरवरी को जयपुर में एक भव्य भगवा रैली का आयोजन किया जाएगा। यह ऐतिहासिक रैली शिवाजी महाराज के शौर्य और उनके हिंदवी स्वराज के सपने को साकार करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारत क्रांति मिशन के विलासराव भाऊ पंगारकर, विजय काकडे पाटिल, सुशील जाधव, शशांक शर्मा व कीर्ति राठौड़ दी।

- **19 फरवरी को जयपुर में होने वाले इस कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि**

इस कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मंत्री एवं जनसेवक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह आयोजन वीर मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के बलिदान, रणनीतिक कुशलता और राष्ट्रप्रेम को सम्मान देने हेतु किया जा रहा है।

इस आयोजन का सबसे विशेष आकर्षण शिवाजी महाराज की भव्य मूर्ति, जो रथ पर सवार होकर जयपुर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। इस दौरान सड़कों पर केसरिया ध्वज लहराएंगे और जय शिवाजी, जय भवानी के गगनभेदी जयघोष से वातावरण गूंज उठेगा। कार्यक्रम में समाज के उन प्रबुद्ध नागरिकों, जनसेवकों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में योगदान दिया है। यह सम्मान उनके प्रयासों को सराहने और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। भगवा रैली के दौरान संपूर्ण जयपुर शहर केसरिया रंग में रंगा नजर आएगा। ऐतिहासिक धरोहरों, चौकों और प्रमुख मार्गों को भगवा ध्वजों और रोशनी से सजाया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वीर रस के कवि सम्मेलनों और शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से शिवाजी महाराज के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का संकल्प लिया जाएगा। जयपुर वासियों से अपील की गई है कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और अधिक से अधिक संख्या में भगवा रैली में भाग लें।

प्रसारण निगम को 122 करोड़ रु.लाभ

जयपुर। राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 122 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि प्रसारण निगम की 326वीं बोर्ड मीटिंग में निगम के वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लेखे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किये गये, जिसके अनुसार प्रसारण निगम की कुल आय लगभग 1143 करोड़ रूपये एवं कुल खर्च लगभग 1021 करोड़ रूपये रहा, जिससे प्रसारण निगम ने लगभग 122 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया।

संजय सरदाना को सेवा रत्न अवॉर्ड

जयपुर। जयपुर शहर के संजय सरदाना

को बेंगलुरु में प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के सेवा रत्न अवॉर्ड- 2025 से सम्मानित किया गया। संजय एक्टर और सोशल वर्कर हैं और बॉलीवुड की कई बड़ी फ़िल्मों में काम कर चुके है। जिनमे एक्टर कमल हसन के साथ इण्डियन-2, शाहिद कपूर की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया जैसी फ़िल्में प्रमुख है। उन्हें फिल्म और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए यह सम्मान दिया गया है। मुंबई में आयोजित इस नेशनल अवॉर्ड फंक्शन में संजय सरदाना के साथ साथ देश में अलग अलग क्षेत्रों में अग्रणी कार्य कर रहे लोगों को भी फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इससे पहले भी उन्हें एपीजे अब्दुल कलाम और महात्मा गांधी नेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। राजस्थान की टॉप -10 हस्तियों में भी उनको शामिल किया जा चुका है।

अवैध शराब गुजरात लेकर जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। विधायकपुरी थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से 22 महंगी अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हुई हैं, जिन्हें हरियाणा से गोधरा (गुजरात) ले जाया जा रहा था।

जयपुर शहर में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विधायकपुरी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि दो लोग अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए विशेष टीम का गठित की गई। टीम ने मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिल्ली से गोधरा (गुजरात) के लिए अंग्रेजी शराब सप्लाई करने वाले दो लोग जयपुर पहुंचे हैं। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों आरोपियों सुखविन्द्र सिंह गरेवाल और पुवार प्रधुमन सिंह उर्फ पट्ट को जयपुर में ही पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली से शराब खरीदकर जयपुर होते हुए गुजरात में इसे दोगुनी कीमत पर बेचने की फिराक में थे।

- **गुजरात में शराब को दोगुनी कीमत पर बेचने की थी योजना**

''रोड रोमियो'' पर कसा जयपुर पुलिस ने शिकंजा

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने रोड रोमियो पर शिंकजा कसते हुए ब्लैक फिल्म लगी 6 थार 2 स्कॉर्पियो और 4 मॉडीफाइड बाईक जब्त कर एक स्टंटबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सोशल मीडिया पर काली थार और स्कॉर्पियो से स्टंटबाजी की रील्स बनाने वाले उत्पातियों के खिलाफ एक्शन व स्टटंबाजो की धड़ पकड़ पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे।

जिसके चलते गठित पुलिस टीम ने जवाहर सर्किल क्षेत्र में दौराने गश्त देखा गया कि ज्यादातर थार व काले रंग की स्कॉर्पियों पर लोग ब्लैक फिल्म लगाकर आस-पास बड़ी सड़कों पर रात के समय स्टंट कर लोगों में दहशत फैला रहे थे। गाड़ियों की जांच की तो किसी के पास दस्तावेज नहीं थे। किसी ने नंबर प्लेट नहीं लगा रखी थी। इसके अलावा कुछ गाड़ियों पर रेड पट्टी लगा रखी थी और नियम विरूद्ध नंबर प्लेट लगा रखी थी। इन गाडियों को एमवी एक्ट के तहत जब्त किया गया और एक स्टंटबाज को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि कई युवक घर से दोस्तों से मिलने के बहाने घर से गाड़ियां लेकर निकलते है। घर से निकलने के बाद सीधे कैफे पर जाकर बैठते थे और शाम के समय सड़क पर स्टंट कर दहशत फैलाते है। युवाओं में ''काली थार'' का ऐसा भूत सवार है कि वे इसे सिर्फ सड़क पर नहीं दौड़ाते, बल्कि सोशल मीडिया पर भी इसकी धाक जमाते है।

- **ब्लैक फिल्म लगी 6 थार, 2 स्कॉर्पियो और 4 मॉडिफाइड बाइक जब्त**

समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद अब 28 फरवरी तक

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश में मूंगफली खरीद की अवधि को 28 फरवरी तक बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिखकर खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था।

दक ने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार पूर्व में पंजीकरण करवा चुके किसान उक्त बढ़ी हुई अवधि में अपनी जिन्स का विक्रय कर सकेंगे। इसके अंतर्गत नये पंजीकरण नहीं होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त पात्र किसानों से नियमानुसार तुलाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे मूंगफली विक्रय के इच्छुक किसान तुलाई से वंचित नहीं रहे। साथ ही, किसानों को तुलाई केन्द्रों पर कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए भी सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि पूर्व में मूंगफली खरीद की अवधि 15 फरवरी तक निर्धारित थी। किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिए भारत सरकार से खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया गया था। दक ने बताया कि मूंगफली विक्रय के लिए 1 लाख 33 हजार 296 किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया है, जिनमें से अब तक 85 हजार 506 किसानों से खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों से 2058 करोड़ रुपये कीमत की 3.03 लाख मीट्रिक टन से अधिक मूंगफली की खरीद की जा चुकी है।

सार-समाचार

राजस्थान विवि.टीम की स्वच्छता मुहिम

जयपुर (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय की केमिस्ट्री एन.एस.एस. इकाई की ओर से बुधवार को एनएसएस शिविर लगाया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मीनाक्षी जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता का महत्व समझाया। प्रो. जैन ने विद्यार्थियों को जल की महता बताते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थी जल संरक्षण की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हमें आने वाली पीढ़ी के लिए जल की हर एक बूँद का संरक्षण करना नितांत आवश्यक है। इस शिविर के प्रथम चरण में अपने विश्वविद्यालय को जानो प्रतियोगिता के दूसरे भाग का भी आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान विवि. से संबंधित सामान्य प्रश्न किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफ़ेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार की पहल के तहत स्वच्छ भारत विकसित भारत वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित शर्मा ने विद्यार्थियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. शर्मा ने बताया कि जनता स्टोर मार्केट एरिया से लगभग 10 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक संग्रहित किया। लगभग 100 वॉलंटियर की डेडिकेटेड टीम ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित शर्मा के निर्देशन में राजस्थान विवि. से जनता स्टोर मार्केट तक एक स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली।

स्कूल के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण

जयपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटर वर्क्स में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। साथ ही विद्यालय के भामाशाह पं.राम किशन शर्मा द्वारा भवन निर्माण के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ.गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक नवरत्न राजोरिया, शिक्षा विभाग के सीबीईओ ओमप्रकश गौड, नव्यनाथ महाराज, निखिल वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य दामोदर लाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

मालवीय नगर में 8 अवैध निर्माण सीज

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त मालवीय नगर जोन प्रियव्रत सिंह चारण की टीम ने बुधवार को 8 अवैध निर्माणों और अवैध रूप से संचालित लाईब्रेरीज को सीज किया। उपायुक्त प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि मालवीय नगर जोन में प्लांट संख्या-बी.140, विजय पथ, तिलक नगर, प्लांट संख्या-454, गली नं.-3 राजापार्क, प्लांट संख्या-97, गुरूनानकपुरा, राजापार्क, प्लांट संख्या-बी-67, बजाज नगर, प्लांट संख्या-4 गली नं.-18 बरकत नगर, श्री राधाकृष्ण लाईब्रेरी, प्लांट संख्या-ए-3 किसान मार्ग बरकत नगर श्री फ्यूचर फर्स्ट लाईब्रेरी, प्लांट संख्या-ए-7, 8, किसान मार्ग बरकत नगर श्री राधाकृष्ण एवं प्लांट संख्या-ए-13 अमित ज्यूस सेन्टर के पीछे बरकत नगर राज लाईब्रेरी पर सीजर की कारवाई की गई।

86 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

जयपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ जिला रसद अधिकारी ने सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 44 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 42 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 86 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये है।

राज्यपाल ने जताई शोक संवेदना

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र कुमारदास महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बागडे ने कहा कि उनका गोलोक गमन अध्यात्म की हमारी सनातन संस्कृति की अपूरणीय क्षति है। बागडे ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और शोकाकुल अनुयायियों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

जयपुर डेयरी ने स्थापित किया राजस्थान का पहला ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज संयंत्र

यह अत्याधुनिक तकनीक हर दिन 6.5 लाख लीटर यानि प्रतिवर्ष 24 करोड़ लीटर पानी बचाने में सहायक होगी : श्रुति भारद्वाज

जयपुर (कासं)। जयपुर डेयरी ने राजस्थान का पहला ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेड.एल.डी.) संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किया है। पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इस संयंत्र को नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड के तकनीकी परामर्श से 20 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है।

ज्ञात रहे कि जयपुर डेयरी प्रतिदिन 12 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण करती है, जिसके लिए प्रतिदिन 15-19 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। प्रसंस्करण के बाद निकलने वाले पानी को पहले से मौजूद ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) के माध्यम से उपचारित किया जाता है। अब इस नए जेड.एल.डी. संयंत्र की मदद से इस ट्रीटेड पानी को तीन चरणों में उपचारित कर डेयरी के बॉयलर और रेफ्रिजरेशन जैसे कार्यों में पुनः उपयोग में लिया जाएगा। यह अत्याधुनिक तकनीक हर दिन 6.5 लाख लीटर (प्रतिवर्ष 24 करोड़ लीटर) पानी बचाने में सहायक होगी।

यह संयंत्र न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि जयपुर डेयरी को वित्तीय रूप से भी लाभान्वित करेगा। इस संयंत्र के माध्यम से डेयरी को प्रति किलोलीटर 55-60 रुपये की बचत होगी, जिससे वार्षिक स्तर पर लगभग 1.3 करोड़ रुपये का वित्तीय लाभ होगा। इसके अतिरिक्त, जयपुर शहर की बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए यह संयंत्र 2 लाख लोगों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद करेगा। आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि जयपुर डेयरी द्वारा जो संयंत्र बनाया गया है, वह जल संरक्षण एवं पर्यावरण की दृष्टि से एक आदर्श मॉडल साबित होगा। इसकी सफलता को देखते हुए अन्य जिला संघ में भी संयंत्र स्थापित किया जाएगा। जयपुर डेयरी की यह पहल माननीय मुख्यमंत्री के जल संरक्षण अभियान को आगे ले जाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पूनिया ने बताया कि यह संयंत्र जयपुर डेयरी के पर्यावरण व जल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि यह संयंत्र राजस्थान के सहकारिता क्षेत्र में प्रथम ही नहीं अपितु भारत के डेयरी क्षेत्र में एक अभिनव पहल है, प्रतिदिन 5 से 6 लाख लीटर पानी की बचत से न केवल राजस्व का लाभ होगा, अपितु इससे भूजल संरक्षण क्षेत्र में जयपुर डेयरी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

आर.सी.डी.एफ. की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज और प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने बुधवार को जीरो लिक्विड डिस्चार्ज संयत्र का निरीक्षण किया।

- **ज्ञात रहे कि जयपुर डेयरी प्रतिदिन 12 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण करती है, इसमें रोजाना 15-19 लाख लीटर पानी की जरूरत होती है।**

अपहरण-लूट में शामिल चौथा आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। बिंदायका थाना पुलिस ने अपहरण, मारपीट और लूटपाट के एक बड़े मामले में चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया जा चुका था। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

गिरफ्तार आरोपी राकेश मीणा पुत्र रामसहाय मीणा सौंदडा निवाई टोंक, अजय टोपिया पुत्र श्यामलाल जेडीए कॉलोनी बिंदायका, सुखविंदर सिंह पुत्र सोहन सिंह एसटीआर घड़साना श्रीगंगानगर हाल गंगाविहार सिरसी रोड जयपुर, राहुल सिंह तोमर पुत्र राकेश सिंह तोमर गडकापुरा मनसुदपुरा आगरा हाल गणेश विहार सिरसी रोड के रहने वाले है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि राम विहार कॉलोनी बिंदायका निवासी मूलचंद रैगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, कि वह 30 जनवरी 2025 को करीब चार बजे अपने साले की बहू परवीना डाबे पर पटोल पम्प के पास बैठा था। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उसे एक जगह बुलाया। जैसे ही वह वहां पहुंचा, आरोपी ने उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर बालाजी ले गया, जहां पहले से खड़ी एक एसेंट कार में तीन और लोग मौजूद थे, उन्होंने उसे जबरदस्ती गाड़ी में डाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 23 हजार रुपए नकद, दो मोबाइल फोन और उसकी बाइक की चाबी लूट ली। लगभग दो घंटे तक उसे कार में घुमाने के बाद, आरोपी उसे मारुति नगर इलाके में फेंककर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उसने खुद को छुड़वाया और अपने भाई को सूचना दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पूर्व में बापर्दा गिरफ्तार कर लिया था। उनकी शिनाख्त परेड करवाने के बाद चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपियों की तफ्तीश और शिनाख्तगी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गिरोह के अन्य सदस्य भी कहीं सक्रिय तो नहीं हैं।